Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to construct a road on the name of the martyr Vijay Shanker Pal and martyr Manoj Singh in Baliya District.

श्री वीरेन्द्र सिंह (**बलिया**): माननीय सभापति जी, मैं बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की तरफ सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । मैं बलिया लोकसभा क्षेत्र से आता हूं । पिछले दिनों मैं दो शहीदों, विजय शंकर पाल जी और मनोज सिंह जी की मूर्ति का अनावरण करके आया हूं । विजय शंकर पाल जी का जन्म स्थान हल्दी के निकट हास नगर में है और मनोज सिंह जी का जन्म स्थान चितवड़ा गांव में है । मैं दोनों जगहों के लिए भारत सरकार से मांग करता हूं कि इनके शहीद स्थल को विकसित करने के लिए जो योजना बनाई गई है, उससे इस स्थल को विकसित किया जाए ।

माननीय सभापति जी, मेरा सौभाग्य है कि मैं पिछली लोकसभा में भदोही से सदस्य था । वहां भी शहीदों की लंबी कतार थी । 22 लोग कच्ची फांसी पर झूल गए थे, वहां मैंने शहीद स्मारक बनवाया था । बलिया भी वर्ष 1942 में आजाद हो गया था, जबकि देश 1947 में हुआ था । बलिया में शहीदों की लंबी कतार है ।

मैं आपके माध्यम से यह मांग करना चाहता हूं कि विजय शंकर पाल और मनोज सिंह के नाम पर उस सड़क का नामकरण किया जाए तथा उनके शहीद स्थल पर जहां उनकी मूर्ति बनी है, उसको विकसित करने की योजना जो सरकार ने बनाई है, उस पर अविलम्ब काम शुरू हो ।